नीब करौरी धाम से जुड़ेंगे आगरा-गंगा एक्सप्रेसवे

■ अजित खरे

लखनऊ। योगी सरकार अब आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने जा रही है। इसके लिए एक नया लिंक एक्सप्रेसवे बनेगा। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के जुड़ने वाली जगह से इस लिंक एक्सप्रेसवे का एक सिरा निकलेगा। यह हरदोई में सवायजपुर जाकर गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ जाएगा। खास बात यह है कि फर्रुखाबाद में बाबा नीब करौरी धाम से गुजरेगा। इस परियोजना के लिए कंपनी के चयन का काम शुरू हो गया है।

इस तरह जुड़ेंगे पांच बड़े एक्सप्रेसवे

चित्रकूट से शुरू होने वाला बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे आगरा एक्सप्रेसवे के निकट इटावा से जुड़ चुका है जबकि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे व आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे को आपस में जोड़ने के लिए 60 किमी का एक नया लिंक एक्सप्रेसवे लखनऊ में बनाने की योजना है। इस पर यूपीडा जल्द निर्माण कार्य शुरू कराएगा जबकि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे व यमुना एक्सप्रेसवे पहले से जुड़े हैं। लखनऊ में बनने वाले नए लिंक एक्सप्रेसवे से ट्रकों के जाम से निजात मिलेगी और गाजीपुर से नोएडा तक तीन एक्सप्रेसवे के जरिए सफर आसान होगा। गंगा एक्सप्रेसवे के आगरा एक्सप्रेसवे से जुड़ने से प्रयागराज से आने वाले लोग सीधे मेरठ और आगरा जा सकेंगे।

इस परियोजना को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे टू गंगा एक्सप्रेसवे वाया फर्रुखाबाद एक्सप्रेसवे नाम दिया गया है।

सलाहकार कंपनी के लिए टेंडर मांगे

यूपीडा ने लिंक एक्सप्रेसवे की डीपीआर बनाने के लिए सलाहकार कंपनी के लिए टेंडर मांगे हैं। यह एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे वैसे तो छह लेन का बनेगा पर इसे भविष्य में बढ़ते यातायात की आवश्यकताओं को देखते हुए 8 लेन का किया जा सकेगा। यूपीडा की कोशिश होगी इस एक्सप्रेसवे का एलाइमेंट इस तरह बने जिससे यह फर्रुखाबाद शहर से निकले। इसे ईपीसी या पीपीपी किसी एक मॉडल पर विकसित किया जाएगा।